पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

————

## राजभवन में सिक्किम राज्य स्थापना दिवस समारोह का हुआ आयोजन

————

## प्रेरणादायी लघु फिल्म व वृत्त चित्र का हुआ प्रदर्शन

————

## सिक्किम के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक विविधिताओं को दर्शाती हुई प्रदर्शनी एवं रंगोली का हुआ प्रदर्शन

———

लखनऊ : 16 मई, 2025

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में आज राजभवन में 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' के अन्तर्गत सिक्किम राज्य स्थापना दिवस समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रेरणादायी वृत्त चित्र एवं लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शित फिल्मों में पहली फिल्म आतंकवाद के विरूद्ध भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित लघु वृत्त चित्र फिल्म थी, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए0आई0) द्वारा निर्मित एक अत्याधुनिक प्रस्तुति थी। इस फिल्म ने उपस्थित दर्शकों में जोश का संचार किया। दूसरी लघु फिल्म 'पाहुना : द लिटिल विजिटर्स' थी, जो नेपाली भाषा में बनी एक भावनात्मक फिल्म है। यह फिल्म नेपाल में माओवादी विद्रोह के चलते विस्थापित दो भाई–बहनों की कहानी है, जो अपने माता–पिता से अलग हो जाते हैं और संघर्ष करते हुए सिक्किम पहुंचते हैं एवं वहाँ शरण पाते हैं। प्रदर्शित फिल्मों को उपस्थितजनों ने अत्यन्त उत्साहपूर्वक देखा और हर दृश्य में छिपे संदेश से दर्शक प्रेरित हुए। यह आयोजन भारत की विविधता और एकता के आदर्श को सशक्त करने की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा।

इस अवसर पर सिक्किम राज्य के कला, संस्कृति, परिधान, खान–पान, महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों, व्यक्तित्व आदि पर आधारित प्रदर्शनी एवं रंगोली का भी प्रदर्शन किया गया।इस अवसर पर विशेष कार्याधिकारी (शिक्षा) डॉ. पंकज एल. जानी, विधि परामर्शी श्री प्रशांत मिश्रा, विशेष सचिव एवं राज्यपाल के सचिव श्री श्रीप्रकाश गुप्ता, सिक्किम के आमंत्रित अतिथिगण, विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राएं, राजभवन के सभी अधिकारी व कर्मचारीगण एवं राजभवन में अध्यासित महिला व बच्चे आदि उपस्थित रहे।

---------

संपर्क सूत्रः
कृष्ण कुमार,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0: 9454468250



















